दैनिक जागरण प्रबंधन को हीरक जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं, समाज से जुड़े मामलों को अच्छे तरीके से उठाने वाला जागरण सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचे।

डॉ. सुधा यादव, राष्ट्रीय सचिव भाजपा व पूर्व सांसद गुरुग्राम

दैनिक जागरण पत्रकारिता के मापदंड को दे रहा है नई दिशा

43 वर्षीय मुनीष खुल्लर सांस्कृतिक गतिविधियों और समाजसेवा के क्षेत्र में एक जाना माना नाम है। वह पिछले 20 वर्षों से दैनिक जागरण के पाठक हैं। अपने व्यस्त शेड्यूल में से इसके लिए समय निकालते हैं। वह मल्टीनेशनल कंपनी सन ओवरसीज में महाप्रबंधक हैं। खुल्लर गुरुग्राम के न्यू कॉलोनी के रहने वाले हैं।

दैनिक जागरण एक ऐसा समाचार पत्र है जो पत्रकारिता धर्म को निभाने में बेहतरीन भूमिका निभा रहा है। देश, दुनिया और समाज में क्या चल रहा है इसके बारे में जानकारी देने के साथ-साथ कला और संस्कृत को बढ़ावा देने वाला भी प्रमुख पत्र है। आज के कारोबारी युग में दैनिक जागरण अपने सामाजिक सरोकारों के प्रति काफी सजग है। गुरुग्राम कला और संस्कृति का बड़ा हब है। इसे बढ़ावा देने में इस अखबार की भूमिका काफी सराहनीय है। मेरा मानना है कि जब भी कोई सामाजिक सरोकार वाली बात होती है तो दैनिक जागरण चौथे स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका प्रमुखता से निभाता है। मैं कला और संस्कृति से जुड़ा हुआ व्यक्ति हूं। जब भी मैं अखबार पढ़ता हूं तो इससे जुड़ी चीजों को बड़ी शिद्दत से तलाशता हूं। दैनिक जागरण इस मामले में कभी भी निराश नहीं किया। शहर में हो रही छोटी से छोटी सांस्कृतिक गतिविधि को भी इस अखबार में स्थान दिया जाता है। यही कारण है कि समाज के लिए काम करने वालों का यह प्रमुख अखबार है। मैं पिछले 20 वर्षों से दैनिक जागरण का पाठक हूं। इसमें हर विधा के समाचार मिलते हैं। हर वर्ग को यह छूता है। उनकी बातों को लिखता है। अगर सटीक शब्दों में कहें तो यह एक संपूर्ण पत्र है। बच्चों, किशोरों, युवाओं, महिलाओं, कारोबारियों सभी द्वारा यह पढ़े जाने वाला अखबार है।

गुरुग्राम में रामलीला, दुर्गा पूजा, थिएटर, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पर्वों को अपने यहां प्रमुखता से स्थान देता है। आज साइबर सिटी अपनी आधुनिकता के साथ-साथ परंपराओं को संजोए रखा है तो इसमें दैनिक जागरण का विशेष योगदान है। गुरुग्राम में आयोजित होने वाले सभी धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के बारे में पूरी जानकारी दैनिक जागरण के द्वारा जनमानस तक पहुंचती है। यही कारण है कि दैनिक जागरण गुरुग्राम का सबसे लोकप्रिय और तेजी से बढ़ता अखबार है।

समाज के हर क्षेत्र में दैनिक जागरण की भूमिका सशक्त

आज के इस कॅमर्शियल दौर में अगर कोई अखबार सामाजिक कार्यों और इससे जुड़े सरोकार को कोई समाचार पत्र बढ़ावा दे रहा है तो वह है दैनिक जागरण है। इस अखबार के द्वारा सामाजिक सरोकारों को काफी प्रमुखता दिया जा रहा है। यह कार्य लगातार जारी है। शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृत, सामाजिक गतिविधियों से लेकर संस्कारों तक से रूबरू कराने काम दैनिक जागरण कर रहा है। जब मैं सामाजिक कार्यों से जुड़ा तो इसमें दैनिक जागरण का हमेशा से ही सहयोग मिलता रहा है। वास्तव में यह अखबार समाज का सच्चा प्रहरी है। मैं दैनिक जागरण को उसकी 75वीं वर्षगांठ पर अपनी बंधाई देना चाहता हूं। एक पाठक होने के नाते मेरी शुभकामनाएं हैं कि यह अखबार लगातार विस्तारित और लोकप्रिय होता रहे।

मेरी नजर में दैनिक जागरण सिर्फ एक समाचार पत्र ही नहीं बल्कि समाज का सच्चा सिपाही है। जो मानवीय मूल्यों, राष्ट्रीयता, एकता और अखंडता का पोषण करता आ रहा है। इस अखबार के द्वारा देश दुनिया की घटनाओं और गतिविधियों से रूबरू होने का मौका मिलता है। बच्चों से लेकर बड़ों तक का यह पसंदीदा अखबार बना हुआ है। गुरुग्राम में यह अखबार जिस गति से बढ़ रहा है इसी से इसकी लोकप्रियता का अनुमान लगाया जा सकता है। जब कोई भी समाचार इस अखबार में प्रकाशित होता है तो इसकी पहुंच दूर-दूर तक हो जाती है। लोगों के फोन आने लगते हैं।

तमाम समाचार पत्रों के बीच दैनिक जागरण ने जो नाम कमाया है वह काबिले तारीफ है। यह इस अखबार की मेहनत का ही परिणाम है। आज हर क्षेत्र में लोगों को नवीनता चाहिए दैनिक जागरण की ताकत यह है कि यह समय के साथ-साथ खुद को काफी अपडेट रखता है। युवाओं के लिए भी इसमें अच्छी खासी खुराक मिल जाती है। वहीं विद्यार्थियों के लिए भी दैनिक जागरण काफी मुफीद है। स्कूलों और कॉलेजों में सामाजिक सरोकार के तहत कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी कराया जाता है। दैनिक जागरण का कवि सम्मेलन मुझे काफी पसंद है। साहित्य के प्रति यहां के युवाओं का जो लगाव है वह दैनिक जागरण के प्रयास से ही संभव हो रहा है। यही कारण है कि यह साहित्य प्रेमियों की पहली पसंद बना हुआ है।

संदीप राजपूत सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए हैं। यह कंस्ट्रक्शन साइटों पर काम करने वाले मजदूर के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का काम कर रहे हैं। इसके लिए वह सोहना रोड स्थित कंस्ट्रक्शन साइटों पर इनोवेशन मोबाइल स्कूल चला रहे हैं। जिसमें सैकड़ों प्रवासी मजदूरों के बच्चे शिक्षित हो रहे हैं। संदीप गुरुग्राम के भोंडसी में रहते हैं।

दिलो दिमाग में बसा है जागरण

सर्वप्रथम दैनिक जागरण को 75 वीं वर्षगांठ के लिए हार्दिक बधाई। शहर का सबसे पुराना व लोकप्रिय अखबार है दैनिक जागरण। बात गांव की हो या शहर की, किसी भी समस्या को उठाने, उसे शीर्ष अधिकारियों तक पहुंचाने का जो काम दैनिक जागरण ने किया है, वो किसी और ने नहीं किया। मेरे घर, ऑफिस, मुहल्ले और गांव के संपूर्ण परिवेश में दैनिक जागरण ही आता है। यह अखबार लोगों के दिलो दिमाग में बस चुका है। बात लड़कियों की शिक्षा की हो या उनकी सुरक्षा की हो, महिलाओं के अधिकारों की हो या उनके हक की हो, गैस की कालाबाजारी की हो अवैध खनन की हो या अवैध कब्जों की हो, स्कूल में भ्रष्टाचार की हो या अधिकारियों को भ्रष्टाचार की दैनिक जागरण खबरों को निडर होकर छापता रहा है। गुरुग्राम विकास प्राधिकरण का मुद्दा हो या यातायात, या डेयरी प्रबंधन का हो या कचरा प्रबंधन का या फिर सड़क जाम, चिकित्सा सेवाएं दैनिक जागरण हर मुद्दे पर लोगों के साथ खड़ा होता है। केवल मुद्दा ही नहीं उठाता बल्कि उसके समाधान कराने में भी सक्षम रहा है। बात रिटेल गुरु की हो, आम की हो या खस की व्यापार मेले की हो या शहर के सौंदर्यीकरण की दैनिक जागरण हर खबर में हमेशा अव्वल रहा है।

अपराध की खबरें अखबार की प्राथमिकता रही है। पुलिस और अपराध की खबरों पर हम भरोसा कर सकते हैं। मेरे दिन की शुरुआत दैनिक जागरण से होती है, जिस दिन यह पेपर नहीं मिलता लगता है कुछ छूट गया है। एक अधूरापन महसूस होता है। ऐसा केवल मेरे साथ ही नहीं आस-पास भी मैं देखता हूं कि जागरण की खबरों पर लोग चर्चा करते हैं। खबरों में संपूर्णता होती है। खबरों के अलावा गंभीर विषयों पर विशेषज्ञों के लेख। हल्के फुल्के विषयों पर लेख, साहित्य, छात्रों के लिए सामग्री जैसी चीजों का भी समावेश अखबार में होता है। मैं उम्मीद करता हूं कि दैनिक जागरण की टीम इस गुणवत्ता को बनाए रखेगी और आगे बेहतर करेगी।

आचार्य बाल किशन भारद्वाज क्रांति संघ वेलफेयर संगठन के तहत दिव्यांगों की सहायता और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा देने का काम कराते रहे हैं। हालांकि पेशे से आचार्य बाल किशन वास्तुविद, ज्योतिषी और सलाहकार हैं। वे कविताएं और लेख भी लिखते रहे हैं। इनके नेतृत्व में कई गांवों में दिव्यांगों को बच्चों को पढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। संगठन की और से प्रशिक्षण और वेतन मुहैया कराया जाता है। वे गांवों में बच्चों को स्कूल के बाद ट्यूशन और स्कूल में नामांकन कराने के लिए तैयार करने का काम कर रहे हैं।

हर कदम पर अखबार ने दिया सहयोग

दैनिक जागरण परिवार को 75 साल पूरे करने की बहुत सारी शुभकामनाएं। मैं हृदय से दैनिक जागरण का शुक्र गुजार हो जिसने लोगों में नेत्रदान को लेकर चेतना जगाने के मेरे संकल्प के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाई है। दिल्ली एनसीआर में जब दैनिक जागरण की शुरुआत हुई थी तब से मैं इसका पाठक हूं। शुरुआत में दैनिक जागरण प्रबंधन ने गुरुग्राम के हर घर में दैनिक जागरण पढ़ा जाए, इसको लेकर अभियान चलाया था। मैं उस वक्त के प्रबंधन और संपादक मंडल के सहयोग का भी आभारी हूं। हमलोग अपने आपको दैनिक जागरण का पाठक नहीं उस परिवार का अभिन्न अंग मानते हैं। दैनिक जागरण में अगर खबर छप गई तो समझो सबने पढ़ लिया। मैं इस कारण दैनिक जागरण पर सबसे ज्यादा विश्वास करता रहा हूं। निरामया की ओर से अलख जगाने पर तकरीबन 2500 लोगों ने नेत्रदान किया है। करीब एक हजार नेत्रों का प्रत्यारोपण निरामया ट्रस्ट के तहत आहूजा नेत्र चिकित्सालय में निशुल्क किया गया। गुरुग्राम और आस-पास से दान में मिले कार्निया निरामया वाईपी महेंद्रू आई बैंक से एम्स और दूसरे अस्पतालों में प्रत्यारोपण के लिए जाते रहे हैं। इसके अलावा करीब दस हजार से ज्यादा निशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए गए। मोबाइल वैन के माध्यम से सुदूर गांवों में लोगों के आंखों की जांच और चश्मा वितरण किया गया। लोगों को नेत्र ज्योति की इस यात्रा में दैनिक जागरण सहभागी रहा। हर कदम पर अखबार ने हमारा सहयोग किया है। शुरुआत में जब हमलोग नेत्रदान के लिए संकल्प कराते थे, तो देश भर के संस्करणों और शहरों में इसके लिए कार्यक्रम दैनिक जागरण के सहयोग से किया गया।

निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट प्रमुख वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. टीएन आहूजा का मानवता की सेवा में बड़ा योगदान है। इनके अलख जगाने पर गुरुग्राम और आस-पास के इलाकों में लगभग 2500 नेत्रदान हुए हैं। इनमें एक हजार कार्निया का प्रत्यारोपण निशुल्क निरामया ट्रस्ट में निरामया के प्रमुख चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हितेंद्र आहूजा की देखरेख में हुए है। डा. आहूजा ने समाज सेवी बुजुर्गों की ऐसी टीम बनाई है, जो जिन परिवारों में मृत्यु होती है, वहां जाकर लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करते हैं।

खाद नहीं मिलने से किसान परेशान

जागरण संवाददाता, मानेसर : ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को खाद नहीं मिलने के कारण काफी परेशान होना पड़ रहा है। इन दिनों में यूरिया खाद की काफी जरूरत होती है। मानेसर, पटौदी, हेलीमंडी, फरुखनगर कहीं भी किसानों को खाद नहीं मिल रहा है। गेहूं की फसल को पहली बार पानी देने के बाद खाद की जरूरत होती है ऐसे में यूरिया खाद नहीं मिलने से किसानों को निराश होने पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के किसान काफी दूर तक खाद के लिए भटक रहे हैं। लाइनों में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल रहा है।

गेहूं और जौ की फसल को पहली बार पानी मिलने के बाद यूरिया की आवश्यकता होती है। ऐसे में यूरिया नहीं मिलने से फसल को काफी नुकसान हो रहा है।

बलबीर सिंह

बड़े किसान तो सांठ-गांठ कर एक बार ही काफी खाद ले लेते हैं। छोटे किसानों को खाद कहीं नहीं मिलता। खाद की कमी के कारण काफी दिक्कत होती है। दूसरे जिलों में भी खाद नहीं मिल रहा है।

मीर सिंह

सरकार को यूरिया खाद की पूर्ति के लिए कार्य करना चाहिए। दूर-दूर तक खाद कहीं नहीं मिल रहा है। इसका नुकसान किसानों को होता है। खाद की पूर्ति सही समय पर करनी चाहिए।

जगदीश सिंह

हर साल इन दिनों में यूरिया के लिए भटकना पड़ता है। नेता केवल बयानबाजी करते हैं। पिछली बार कहा गया कि यूरिया की कमी नहीं होने दी जाएगी लेकिन हालात इस बार भी यही हैं।

वीरेंद्र

सेक्टर 14 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक प्रर्दशनी का अवलोकन करते हुए हुडा प्रशासक यशपाल यादव साथ में स्कूल की प्राचार्य अपर्णा ऐरी ● जागरण

प्रदर्शनी में दिखी विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों की झलक

जासं, गुरुग्राम : सेक्टर 14 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इसमें विद्यार्थियों ने भारत में विविधता में एकता का सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन हुडा प्रशासक यशपाल यादव ने किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में अपनी प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों का स्मरण कर उन्हें अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व की नींव बताया। नन्हें मुन्ने बच्चों के प्रयास को सराहते हुए प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में भारत के चार प्रमुख राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, पंजाब तथा गुजरात के सुप्रसिद्ध व्यक्तित्व, भोजन, नृत्य, हस्तकला, भाषा, वाद्ययंत्र तथा साहित्य का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम बहुत ही लुभाने वाला व ज्ञानवर्धक रहा। इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों में भारतीय सांस्कृतिक चेतना का संचार किया गया तथा अपनी संस्कृति व देश के प्रति गौरव और सम्मान की भावना जागृत करने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों ने भी प्रदर्शनी का खूब आनंद लिया। स्कूल की प्राचार्य अपर्णा ऐरी ने विद्यार्थियों व अध्यापकों के प्रयासों की सराहना की।

दोबारा चुनी गई कुमाऊं भ्रातृ मंडल की पुरानी कार्यकारिणी

जागरण संवाददाता,गुरुग्राम: पालम विहार सी ब्लॉक स्थित नंदा देवी मंदिर में गुरुग्राम में रहने वाले उत्तराखंड के लोगों के संगठन कुमाऊं भ्रातृ मंडल की आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रधान केशव दत्त शर्मा ने की। आम सभा में दो साल के कार्यों की समीक्षा की गई। इस मौके पर मंडल का चुनाव कराया गया, जिसमें सभा में उपस्थित लोगों पुरानी कार्यकारिणी के सदस्यों को दोबारा दो साल के कार्य के लिए सर्व सम्मति से चुन लिया।

लोगों ने अपने निर्णय से चुनाव अधिकारी सुरेश चंद काला को अवगत कराया। ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित किया गया और नई कार्यकारिणी के सदस्यों का लोगों ने स्वागत किया। इस मौके पर संगठन के महासचिव देवेंद्र नेगी ने कहा कि मैं भरोसा दिलाता हूं कि संगठन के कार्यो को बेहतर तरीके से करूंगा। संगठन के अध्यक्ष केशव दत्त ने उत्तराखंड में युवाओं के पलायन पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में मल्टीनेशनल कंपनियां पहुंचे और युवाओं को रोजगार मिले यह व्यवस्था होनी चाहिए। मंच का संचालन महावीर सिंह ने किया। कार्यक्रम को हरीश कुवारबी, सचिव नरोत्तम जोशी, कोषाध्यक्ष पूरन सिंह बिष्ट, संयोजक गोपाल दत्त जोशी, लेखाकार कुंदन सिंह रावत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संगठन के पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह बिष्ट, नंदन सिंह रावत और पिछले दिनों चंपावत के मूल निवासी डेंसो कंपनी के पदाधिकारी सुनील भट्ट की आत्मा की शांति के लिए सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा और श्रद्धांजलि दी।

नंदा देवी मंदिर में उत्तराखंड के संगठन कुमाऊं भ्रातृ मंडल की ओर से आयोजित सभा को संबोधित करते हुए संगठन के महासचिव देवेंद्र नेगी ● जागरण

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम : रोटरी पब्लिक स्कूल सेक्टर-22 गुरुग्राम में शनिवार शाम को 35 वां वार्षिकोत्सव' रिगेलिया' मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने नृत्य और अभिनय से समा बांध दिया।कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया।

इसके पश्चात स्वागत गीत तथा प्राथमिक कक्षाओं द्वारा कार्यक्रम सुर तरंग प्रस्तुत किए छात्राओं को शिक्षा व विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। इसी दौरान स्कूल में 25 वर्षों से कार्य कर रहें शिक्षकों रजनी शर्मा, गीता सेठी, विजय यादव, एडमिन स्टाफ से उमा कुमारी और स्कूल कर्मचारी सतबीर यादव को सम्मानित किया गया। नृत्य संगीत पर आधारित प्रमुख आकर्षण बैले रहा।

सारा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और सभी गणमान्य अतिथियों ने बच्चों के अभिनय की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल के निदेशक रोटेरियन यशपाल दास और गेस्ट ऑफ ऑनर पूर्व चुनाव आयुक्त डॉ एस. वाई कुरैशी रहे। स्कूल बैंड की मधुर धुन के साथ उन्हें मुख्य द्वार से स्वागत कक्ष तक लाया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक गवर्नर रोटेरियन रवि चौधरी, विनय भाटिया, चेयरमैन पी डी जी, डॉ सुशील खुराना और गुड़गांव रोटरी क्लब प्रेसिडेंट एवं रोटरी सर्विस ट्रस्ट चेयरमैन रोटेरियन लोक गर्ग तथा स्कूल मैनेजिंग कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

ढाबे पर महिला से सामूहिक दुष्कर्म

जासं, सोनीपत : बस में मुलाकात होने के बाद एक महिला को नौकरी का झांसा दे उसे हाईवे स्थित ढाबे पर ले जाकर एक व्यक्ति ने अपने दोस्त के साथ मिलकर महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर डाला। बाद में महिला को जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर एक नामजद सहित दो के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। करनाल की रहने वाली 33 वर्षीय विधवा ने बताया कि वह 15 दिसंबर को किसी काम से बस में सवार होकर दिल्ली की तरफ आ रही थी। बस में उसकी मुलाकात मोई माजरा निवासी यशपाल से हुई थी। उसने बातचीत के दौरान आरोपी को बता दिया कि उसके पति की पांच साल पहले मौत हो चुकी है। वह फिलहाल परेशानी से गुजर रही है। इस पर यशपाल ने बताया कि उसकी अच्छी जान-पहचान है। वह उसे नौकरी दिलवा सकता है।

ORCHARD AVENUE
SIGNATURE GLOBAL
LICENSE NO./YEAR: 1/2010 DATED 4/2/10
HRERA REG. NO.: 11 OF 2017 DATED 30.06.2017

आवेदक

कृपया ध्यान दें

अपर्टमेंट ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी "ORCHARD AVENUE" सैक्टर 93, गुरुग्राम के सफल आवेदक जिनके द्वारा आवंटन राशि अथवा किस्त / देय राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

सभी उपरोक्त आवेदकों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदकों/आवेदन पत्र संख्या ने "हरियाणा अपर्टमेंट हाउसिंग पोलिसी 2013" के अनुसार निर्धारित समय में आवंटन राशि अथवा किस्त / देय राशि का भुगतान नहीं किया है।

आवेदन संख्या की सूची

497	5572	8905	12076	13514
1190	5833	10375	12313	13518
2490	6930	10983	12577	13528
4588	7894	12028	12580	13564
5191	8507	12074	12628	14212

इसलिए समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से उपरोक्त सभी सफल आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वे इस सूचना के प्रकाशन कि तिथि से अगले 15 दिन के भीतर आवंटन राशि अथवा किस्त / देय राशि का भुगतान कर दें जिसकी सूचना उन्हें स्पीड पोस्ट व ईमेल के माध्यम से दी जा चुकी है। अन्यथा उनका प्रोविजनल आवंटन रद्द माना जाएगा और इस प्रकार के प्लॉटों की दुबारा आवंटन की प्रक्रिया नियमानुसार आरम्भ की जाएगी।

Signature Builders Private Limited, CIN: U70101DL2011PTC220275
Reg. Off.: 1306, 13th Floor, Dr. Gopal Das Bhawan, 28 Barakhamba Road, New Delhi - 110001
Corr. Add.: Ground Floor, Tower A, Signature Towers, South City 1, Gurugram, Haryana - 122001
E-mail: nimbhatia@signatureglobal.in, cmd@signatureglobal.in, Phone: 0124-4605200

इरादों में नहीं होनी चाहिए कंगाली : अनुपम

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम : फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि इरादों में कंगाली नहीं होनी चाहिए। इरादे हमेशा बुलंद होने चाहिए। बिना लक्ष्य और हौसले के इंसान कुछ भी हासिल नहीं कर सकता है। फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने यह बातें सोमवार को मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के उद्योग विहार प्लांट में मारुति के सभी प्लांटों के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहीं। वहमारुति प्रबंधन के बुलावे पर मोटिवेशनल कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे। मारुति कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी काम कठिन नहीं है। इसके लिए मजबूत इरादों का भी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन में कभी थकना और रुकना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि मन के हारे हार है मन के जीते जीत है। यही जीवन का फलसफा होना चाहिए। खेर ने मारुति प्लांट का दौरा किया और मारुति कर्मचारियों के साथ फोटो खिंचवाया। उन्होंने मारुति कंपनी की तारीफ की। वह यहां सुबह 11 बजे पहुंचे और करीब सवा बारह बजे यहां से रवाना हो गए। मारुति उद्योग कामगार यूनियन के महासचिव कुलदीप जांघू ने कहा कि अनुपम खेर में बड़ी ही शानदार बातें कहीं। उनका हर वाक्य प्रेरित करने वाला रहा।

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के उद्योग विहार स्थित प्लांट में फिल्म अभिनेता अनुपम खेर विजिटर रजिस्टर में साइन करते हुए ● जागरण

क्रिसमस पर होंगे रंगारंग कार्यक्रम

जासं, गुरुग्राम: साइबर सिटी में क्रिसमस का काउंट डाउन शुरू हो गया है। शहर में कई स्थानों पर इसके उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर तैयारियों का दौर भी तेजी से शुरू हो गया है। शहर के सेक्टर-29 क्षेत्र जश्न का हब होगा। 21 दिसंबर को किंगडम आफ ड्रीम्स में म्यूजिकल इवनिंग सेलिब्रेशन लौरियल म्यूजिक एकेडमी द्वारा किया जाएगा। यहां कैरोल सिंगिंग मंडलियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं मेदांता मेडिसिटी में क्रिसमस संध्या का आयोजन 24 दिसंबर को होने जा रहा है। बाजारों से लेकर घरों तक में क्रिसमस का रंग देखा जा रहा है।

आचार्य बाहुबली महाराज की जयंती मनाई

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: सेक्टर 14 जैन समाज की ओर से स्थानीय सामुदायिक भवन में आचार्य बाहुबली जी महाराज की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। समारोह के दौरान 11 ट्राइसाइकिल, 300 कंबल, 200 स्वेटर एवं 200 जूतों का वितरण निर्धन लोगों व निर्धन परिवार से संबंधित स्कूली बच्चों को किया गया। इस मौके पर महावीर इंटरनेशनल द्वारा संचालित स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा।

समारोह में पहुंचे अंबाला रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डा. आरसी मिश्रा ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। जैन समाज सेक्टर 14 ने इस दिशा में बेहतर प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हर स्तर पर तभी मजबूत होगा जब हर व्यक्ति मजबूत होगा। इसके लिए आवश्यक है कि जो निर्धन हैं उनकी सहायता कर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जाए। उन्होंने जैन समाज सेक्टर 14 के प्रधान अधिवक्ता रविंद्र जैन के प्रयास की सराहना की। प्रदेश भाजपा प्रभारी डा. अनिल जैन की पत्नी वंदना जैन ने भी जैन समाज के कार्यों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक संगठनों को समाज की मजबूती में बढ़-चढ़कर भूमिका निभानी चाहिए। समारोह में मेयर मधु आजाद, डिप्टी मेयर सुनीता यादव, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डा. आरसी मिश्रा की पत्नी व पंचकूला पीजी गवर्नमेंट कालेज की प्रिंसिपल डा. अर्चना शर्मा, रोहित तोमर, गोविंद परुथी, कांग्रेस नेता डॉ. मुकेश शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता कंवरसेन जैन, राकेश जैन, उद्योगपति जीपी गुप्ता, संजीव अग्रवाल, मंजू जैन, सुनील कोठारी, दिनेश अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

महाराज की जयंती पर ट्राइसाइकिल वितिरत करते अंबाला रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. आरसी मिश्रा व प्रदेश भाजपा प्रभारी डॉ. अनिल जैन की पत्नी वंदना जैन ●

ऑनर्स एसोसिएशन व आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम : सेक्टर 56 स्थित केंद्रीय विहार में अपार्टमेंट ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन से संबद्ध सदस्यों और आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों की बैठक सोसायटी में संपन्न हुई। इस बैठक में सोसायटी की विभिन्न समस्याओं और सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एच सी गोयल ने लोगों को सलाह दी कि पार्किंग की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए एक परिवार दो से ज्यादा कार नहीं रखे। इससे दूसरों को असुविधा नहीं होगी। यह बताया गया कि सोसायटी में जो लोग कुत्ता पाल रहे हैं वे कुत्ते का मल इधर-उधर फैलने नहीं दे।

उन्हें निर्धारित जगह पर ही मल त्याग के लिए ले जाएं। उन्होंने अपार्टमेंट ओनर्स को किरायेदार के चयन में सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक फ्लैट में एक ही परिवार को किराए पर रखे। खाली होने पर साफ-सफाई और मरम्मत के बाद ही दूसरे व्यक्ति को किराए पर दें। गैराज को वाणिज्यिक कार्यों के लिए प्रयोग नहीं करने की सलाह दी गई। बैठक में सोसायटी के सुरक्षा, पार्किंग, पानी, सफाई बिजली की उपलब्धता विषयों पर चर्चा की गई। इस बैठक में 17 सितंबर 2017 को हुए वार्षिक सम्मेलन में लिए गए निर्णयों को लागू करने को लेकर चर्चा की गई। आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने लोगों से लिफ्ट, गार्डन की सफाई, सुरक्षा जैसे रखरखाव को बेहतर करने का वादा लोगों से किया।

विमर्श

- आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों को बताई अपार्टमेंट की समस्याएं
- किराएदार रखने में सावधानी बरतने की दी सलाह

दैनिक जागरण

देश के अग्रणी समाचार पत्र दैनिक जागरण को
गुरुग्राम, मानेसर, फारुखनगर, पालम विहार एवं सोहना के लिए
TRAINEE EXECUTIVE
की आवश्यकता है।
योग्यता : मैट्रिक / इण्टरमीडिएट / स्नातक
दुपहिया वाहन वालों को वरीयता
वेतनमान – 10,000/*-
WALK IN INTERVIEWS
दिनांक: 19-12-2017
समय: प्रात: 11 बजे से सांय 4:00 बजे तक
* Condition apply
कृपया अपने साथ अपना बायोडाटा, पेन कार्ड एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ अवश्य लाएं।
दैनिक जागरण, द्वितीय तल, एस.सी.ओ. – 40, पुराना न्यायिक परिसर, सिविल लाईन, गुरुग्राम – 122001 मोबाइल : 9560798044, 9810903214